महा मेट्रो
NAGPUR METRO

महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(नागपूर मेट्रो रेल प्रकल्प)

सेन्ट्रल एवेन्यू , कामठी मार्ग पर शीघ्र मेट्रो

प्रजापति नगर , ऑटोमोटिव स्टेशन शहर के मुख्य प्रवेश द्वार

नागपुर: सेन्ट्रल एवेन्यू और कामठी मार्ग पर मेट्रो रेल सेवा शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रही है। खापरी से कस्तूरचंद पार्क तथा लोकमान्यनगर से सीताबर्डी इंटरचेंज तक मेट्रो सेवा शुरु है। फ़िलहाल २६ किलोमीटर की दुरी मेट्रो ट्रेनें तय कर रही है। सेन्ट्रल एवेन्यू पर प्रजापतिनगर स्टेशन से सीधे लोकमान्यनगर तथा ऑटोमोटिव चौक खापरी तक सीधी मेट्रो सेवा प्रारंभ होने से ४० किलोमीटर की दुरी मेट्रो तय करने लगेगी। सेन्ट्रल एवेन्यू और कामठी मार्ग पर सेवा सुरु होने का क्षेत्र के नागरिक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे है , इंतजार की घड़िया शीघ्र समाप्त होने जा रही है। प्रजापतिनगर और ऑटोमोटिव मेट्रो स्टेशन शहर के पूर्वी और उत्तरी प्रवेश द्वार के रुप में जाने जाते है।

- **प्रजापतीनगर मेट्रो स्टेशन रहेगा केंद्रबिंदू**

क्षेत्र में मेट्रो सेवा शुरु होने से चहुंमुखी विकास के मार्ग प्रशस्त होंगे एशिया का सबसे बड़ा कृषि उपज का मार्केट कलमना कृषि उत्पन्न बाजार है। मेट्रो के रूप में सटिक , सुरक्षित और किफायती परिवहन संसाधन उपलब्ध होने से श्रमिक वर्ग , व्यापारीवर्ग , विद्यार्थी और नौकरीपेशा लोगों के लिए मेट्रो रेल सेवा सोने में सुहागे वाली कहावत चरितार्थ करेगी।

·

आसपास के कस्बों के महत्वपूर्ण दोनों स्टेशन

प्रजापतिनगर और ऑटोमोटिव मेट्रो स्टेशन आसपास के कस्बों का केंद्रबिंदु मेट्रो स्टेशन के रूप में उपलब्ध रहेंगे । प्रजापतिनगर स्टेशन पुराने पारडी नाका के नाम से पहचाना जाता था , लेकिन अब इस चौराहे ने प्रजापतिनगर मेट्रो स्टेशन के बतौर अपनी पहचान बना ली है। इस स्टेशन से कलमना बाजार कलमना बस्ती , येरखेड़ा और कामठी पारडी , महलगाँव , कापसी , भांडेवाडी , चांदमारी एरिया , क्रिश्चिनयन कॉलोनी , स्वामीनारायण मंदिर के अलावा तक़रीबन एक दर्जन रिहायशी बस्तियां जुडी है। मेट्रो रेल सेवा का चारों दिशाओं में संचालन होने से प्रजापतिनगर से गांधीबाग , मेयो अस्पताल , डागा अस्पताल , रेलवे स्टेशन , बर्डी , अजनी रेलवे स्टेशन , एयरपोर्ट , खापरी , मिहान , एम्स अथवा शंकरनगर , अंबाझरी एमआयडीसी , हिंगना अथवा बर्डी जंक्शन (इंटरचेंज)ट्रेन बदलकर जीरो माइल , रिज़र्व बैंक , कस्तूरचंद पार्क , गड्डीगोदाम होते हुए बिना किसी परेशानी के ऑटोमोटिव चौक (मेट्रो स्टेशन) पहुंच सकते है। बाहरगांव से आनेवाले यात्री प्रजापतिनगर मेट्रो स्टेशन से शहर के किसी भी क्षेत्र में आसानी से पहुंच सकते है।

·जीवनशैली में बदलाव होगा

प्रजापतिनगर क्षेत्र के व्यवसायी विमल मारोठिया ने माज़ी मेट्रो सेवा क्षेत्र में प्रारंभ होने का स्वागत करते हुए कहा कि प्रजापतिनगर श्रमिकवर्ग की वर्षो पुरानी बस्ती है। बस्ती के नाम पर मेट्रो स्टेशन का नामकरण कर महामेट्रो ने श्रमिकवर्ग का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। मेट्रो के आने से क्षेत्र के निवासियों की जीवनशैली में भी बदलाव होगा।

·छात्रों के लिए सबसे बेहतर

जगत पब्लिक स्कूल के संस्थापक शरद गांधी ने कहा कि पूर्व नागपुर अनेक शिक्षा संस्थाएं है। हजारों की तादाद में विद्यार्थी आवागमन करते है। मेट्रो सेवा विद्यार्थियों के साथ स्टाफ के आवागमन के लिए सबसे बेहतर संसाधन मेट्रो ही है। गांधी ने प्रदुषण मुक्त सुरक्षित , किफायती मेट्रो रेल का ही उपयोग आवागमन के लिए करने की अपील नागरिकों से की है।

·आटोमोटिव स्टेशन अंतर्राज्यीय मार्ग पर

आटोमोटिव स्टेशन अंतर्राज्यीय मार्ग पर बना हुआ है। जबलपुर महामार्ग पर यह स्टेशन होने से बाहरगांव से आने वाले यात्रियों के लिए यह स्टेशन सबसे सुविधा जनक होगा। इंडस्ट्रीयल एरिया के आलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को मेट्रो सेवा का लाभ मिलेगा। नारी रोड मेट्रो स्टेशन से शिक्षा संस्थाएं , अस्पताल तथा धार्मिक क्षेत्र जुड़े हुए है। जरीपटका , वेकोलि कॉलोनी , आरटीओ कार्यालय आदि बस्तियां स्टेशन से संलग्न है। ऐसी मेट्रो मार्ग पर कड़बी चौक स्टेशन है। जो रेलवे कॉलोनी मेकोसाबाग , नागसेननगर आदि पुरानी रिहायशी बस्तियां जुडी हुई है। ़ड्डिगोदामज मेट्रो स्टेशन नौकरीपेशा , विद्यार्थी , श्रमिकवर्ग व व्यवसायियों के आवागमन का प्रमुख स्टेशन होगा।

·दोनों मार्ग पर अकल्पनीय कार्य

सेन्ट्रल एवेन्यू और कामठी मेट्रो मार्ग पर महामेट्रो द्वारा अक्पनीय कार्य किय गए है। कॉटन मार्केट चौक से आनंद टॉकीज के बीच भारतीय रेल पटरी के ऊपर २३१ मीटर लंबाई का कैंटीलीवर ब्रिज का निर्माण किया गया है। यह ब्रिज अपने अपने आप में अनूठा है। इसी तरह कामठी मार्ग पर गुरूद्वारे के समीप दिल्ली रेल मार्ग पर बहुस्तरीय स्टील ब्रिज बनाया गया है। १६५० टन वजनी भारीभरकम ब्रिज का नजारा देखते ही बनता है। सड़क मार्ग के ऊपर रेलमार्ग उसके ऊपर जबलपुर महामार्ग तथा उसके ऊपर मेट्रो रेल मार्ग का निर्माण अपने आप में निराला और अनूठा कार्य है। ऑटोमोटिव से खापरी मेट्रो मार्ग पर शहर के अनेक विहंगम दृश्य नजर आएंगे

·सबसे बड़ी उपलब्धि

ऑटोमोटिव स्टेशन के समीप देवीनगर शीतला माता मंदिर क्रीड़ा मंडल के प्रमुख सुनील चौबे ने चर्चा के दौरान कहा कि कामठी मार्ग के नागरिकों के लिए मेट्रो सबसे बड़ी उपलब्धि है। चौबे ने नागरिकों से सेवा का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा की मेट्रो सेवा से समूचे शहर की जीवनशैली में बदलाव होगा साथ ही विकास के मार्ग प्रशस्त होंगे

·परेशानी से मिलेगी राहत

गुरुद्वारा कमेटी के सुखविंदर सिंग मरास का मानना है , कि मेट्रो सेवा से परेशानी से राहत मिलेगी , साथ ही परिवार के बजट में बचत होगी। सुरक्षित , किफायती और तनावरहित शहर का सफर केवल मेट्रो ही दे सकती है। कामठी मार्ग पर मेट्रो सेवा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार के लिए वरदान है।